दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 104 | छतरपुर, रविवार 10 नवम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## ऐतिहासिक नगर छतरपुर का स्थापना दिवस आज

छतरपुर। अक्षय नवमीं के दिन 1707 में छतरपुर नगर की स्थापना महराज छत्रसाल ने की थी। इस गौरव पूर्ण दिवस पर बुंदेलखंड केशरी छत्रसाल स्मारक पब्लिक ट्रस्ट द्वारा छतरपुर स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन अक्षय नवमी रविवार 10 नवंबर को किया जा रहा है। शहर के किशोर सागर के समीप स्थित ऑडिटोरियम हॉल में अपरान्ह ढाई बजे यह आयोजन प्रारंभ होगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया है कि आयोजन में प्रदेश के कई बड़े कलमकारों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के स्वदेश समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक राजेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में, कार्यक्रम शुरू होगा। जबकि अतिथि के रूप में छतरपुर जिले के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार, राजेश बादल, विभूति शर्मा, पंकज चतुर्वेदी, दिनेश निगम त्यागी, राकेश अग्निहोत्री, जगदीश द्विवेदी और संदीप पौराणिक, को गौरव पूर्ण लेखन और प्रदेश में बुंदेलखंड का नाम रोशन करने के लिए ट्रस्ट की ओर सम्मान किया जाएगा। वहीं अतिथि के रूप में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव, महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू, बड़ामलहरा विधायक सुश्री रामसिया भारती, पुलिस उपमहानिरीक्षक ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक जुझार सिंह, उमेश शुक्ला, आलोक चतुर्वेदी, विक्रम सिंह नातीराजा, छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति-सुरेन्द्र चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम और कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिप्रकाश खरे ददे, सचिव राकेश शुक्ला और संयोजक योगेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी शहरवासियों से आयोजन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## उपभोक्ता फोरम का ऐतिहासिक फैसला

### डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ पांच हजार का लगाया जुर्माना

छतरपुर। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग छतरपुर ने डिप्टी कलेक्टर लोक सेवा केंद्र प्रभारी छतरपुर के खिलाफ आदेश देते हुए 5000 रूपए का जुर्माना और 5000रुपए वाद व्यय जमा करने का आदेश दिया। अधिवक्ता वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक चंद्रदेव त्रिपाठी निवासी छतरपुर द्वारा 11/04/2024 को लोक सेवा केंद्र तहसील छतरपुर से लिंक कोर्ट अपर आयुक्त के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था ,परिवाद संक्षेप में इस प्रकार है कि परिवादी ने दिनांक 11.04.2024 को लोक सेवा केन्द्र छतरपुर में प्रकरण कं. 283/अपील/2023-24 न्यायालय अपर आयुक्त लिंक कोर्ट छत्तरपुर के पारित आदेश दिनांक-08.03.2024 की नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन दिनांक-11.04.2024 अनावेदक कं.01 प्रभारी लोक सेवा केंद्र छतरपुर के समक्ष प्रस्तुत किया था, जिसमें नकल प्रदान करने का दिनांक-06.05.2024 दी गयी थी, किन्तु परिवादी कई बार नकल प्राप्त करने हेतु लोक सेवा केन्द्र तहसील कार्यालय छतरपुर गया लेकिन परिवादी को नकल प्रदान नहीं की गयी और एक पत्र लोक सेवा केन्द्र छतरपुर का परिवादी को दिया जिसके अनुसार प्रकरण दिनांक 13.05.2024 जावक के. 1954 के तहत सागर भेज दिया गया। परिवादी ने जब उक्त प्रकरण की नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था. तब उस दिनांक को फाईल अपर आयुक्त न्यायलय लिंक कोर्ट में होने के बावजूद भी नकल प्रदान नही की गयी। परिवादी से अपर आयुक्त के रीडर कमलेश गुप्ता के द्वारा पैसो की मांग की जा रही है। परंतु अपर कमिश्नर एवं अपर कलेक्टर के रीडर कमलेश गुप्ता के द्वारा की गई रूपए की मांग पूर्ति नहीं करने के कारण समय सीमा में नकल उपलब्ध नहीं कराई गई थी। परिवादी ने नकल प्राप्त करने के बदले 25/-रुपये सेवा शुल्क अनावेदक कं.01 को दी गयी थी जिसके देख-रेख में संचालन नकले बनाकर प्रदान की जाती है एवं अनावेदक कं.02 समस्त लोक सेवा केन्द्रों का प्रभारी है, किन्तु आज दिनांक तक नकलें प्रदान नहीं की गयी, तब परिवादी ने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया लेकिन अनावेदकगण ने नोटिस का जबाव नही दिया और न ही नकल प्रदान की।

जिससे व्यथित होकर स्वयं अधिवक्ता चंद्रदेव त्रिपाठी ने उपभोक्ता आयोग में सेवा में कमी के कारण लोक सेवा केंद्र तहसील छतरपुर एवं जिला लोक सेवा गारंटी केंद्र प्रभारी डिप्टी कलेक्टर छतरपुर के खिलाफ वाद प्रस्तुत किया था ,जिसमे दिनांक 8/11/24 को उपभोक्ता आयोग छतरपुर के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रभारी जिला लोक सेवा गारंटी केन्द्र छतरपुर उनके अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा की गई जानबूझकर उपभोक्ता को परेशान करने के उद्देश्य से लापरवाही को जायज मानते हुए डिप्टी कलेक्टर पर 5000/रूपए का सेवा में कमी करने पर जुर्माना लगाया और वाद व्यय खर्चा 5000/ हजार रुपए जमा करने का आदेश दिया। साथ में 30 दिवस के अंदर उपभोक्ता चंद्र देव त्रिपाठी को 30 दिवस के अंदर नकल उपलब्ध नहीं कराने पर 5000/ रुपए जमा करने और 100 रूपए प्रत्येक दिन के हिसाब से नकल प्राप्त करने तक अर्थ दंड भी प्रदान करने का आदेश दिया।

## पंजाब में अपराध कर फरार आरोपियों को बिजावर पुलिस ने पकड़ा

छतरपुर। जालंधर कमिश्नरेट के डिवीजन क्रमांक 7 थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ एवं एकत्रित होकर संपत्ति को क्षति एवं मारपीट संबंधी अपराध पर थाना डिवीजन क्रमांक 7 जालंधर कमिश्नरेट में भारतीय न्याय संहिता की छेड़छाड़,




बलवा सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना के तीन आरोपी कस्बा बिजावर के निवासी थे, पंजाब पुलिस द्वारा छतरपुर पुलिस को सूचना दी गई। बिजावर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की। जालंधर पुलिस एवं थाना बिजावर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में सम्मिलित तीन आरोपी सोहन अहिरवार पिता किशोरी अहिरवार, चमन अहिरवार पिता किशोरी अहिरवार, रजत अहिरवार पिता किशोरी अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 9 कस्बा बिजावर को गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को जालंधर कमिश्नरेट पंजाब पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजावर कमलजीत सिंह, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, आरक्षक प्रीतम, अमित सिंह, अरुण सिंह, महिला आरक्षक वंदना एवं जालंधर कमिश्नरेट पंजाब पुलिस की भूमिका रही।

## पुरानी बुराई को लेकर महिला के साथ मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत देरी रोड इलाके में एक व्यक्ति द्वारा महिला के साथ मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। बताया गया है कि उक्त मारपीट पुरानी



बुराई को लेकर की गई है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की है। पीड़ित महिला संगीता पत्नी कोमल अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी विश्वनाथ कॉलोनी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे वह देरी रोड की बीड़ी कॉलोनी में रहने वाली अपनी बड़ी बहन सुमन के घर पर गई थीं, जहां पर राजाराम अनुरागी द्वारा उसके साथ पुरानी बुराई को लेकर मारपीट की गई। मारपीट के वक्त किसी ने वीडियो बना लिया था। संगीता के मुताबिक कुछ माह पूर्व राजाराम की बेटी, उसके पुत्र के साथ कहीं चली गई थी, जिसको लेकर राजाराम बुराई मानता है। शुक्रवार को जैसे ही वह बहन के घर पहुंची वैसे ही राजाराम ने उस पर हमला कर दिया। संगीता की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में राजाराम के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है, तो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्वाई होगी।

## 11 नवंबर की जगह अब 21 को होगा मप्र सहकारिता कर्मचारी महासंघ चुनाव

छतरपुर। मप्र सहकारिता कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई के जिला निर्वाचन अधिकारी रामचरण पटेल ने एक पत्र निर्वाचन अधिकारी मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल को लिखा है कि 11 नवंबर 2024 को निर्वाचन कराने के लिए मुझे निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था लेकिन मेरा स्वास्थ्य अचानक खराब होने के कारण निर्वाचन कराने में असमर्थ हूं इसलिए अब 11 नवंबर के स्थान पर 21 नवंबर 2024 को जिला इकाई छतरपुर का निर्वाचन दोपहर 12 बजे कराया जायेगा। जिसका सूचना प्रदेश अध्यक्ष, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष व सदस्य गणों को भेज दी है।

# मंत्री लखन पटेल का विधायक निर्मला सप्रे ने किया स्वागत; पशुपालन से जुड़ी योजनाओं पर की चर्चा



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल बीना आगमन पर। स्थानीय रेस्ट हाउस में विधायक निर्मला सप्रे एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम में मंत्री लखन पटेल ने राज्य में पशुपालन और उससे जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। विधायक निर्मला सप्रे ने बीना क्षेत्र में पशुपालन से संबंधित विभिन्न समस्याओं और योजनाओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाज सेविका मयंका गौतम जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में प्रबंध मंडल सदस्य बनी,बधाईयों का लगा तांता

**आनंद नामदेव**



परिहार गर्जना न्यूज। बमीठा। छतरपुर जिले की प्रसिद्ध समाज सेविका मयंका गौतम को राज्य सचिवालय राज भवन द्वारा जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में प्रबंध मण्डल सदस्य नामांकित किया गया है। इस संबंध में राजभवन, भोपाल से दिनांक 6 नवम्बर 2024 गजट में नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जानकारी अनुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, की धारा 25 (1) (5) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, माननीय कुलाधिपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मण्डल में मयंका गौतम को अधिसूचना जारी होने की दिनांक से 03 वर्ष की कालावधि के लिये सदस्य नामांकित किया है इनके सदस्य बनते ही इनके शुभ चिंतक के द्वारा बधाईयों का सिल सिला जारी है।

# देशज समारोह बुन्देली गायन की हुई प्रस्तुति



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित 'आदिवर्त' जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय- खजुराहो में प्रत्येक रविवार को नृत्य, नाट्य, गायन एवं वादन पर केन्द्रित समारोह 'देशज' का आयोजन किया जाता रहा है। शासन के निर्देशानुसार माह नवम्बर 2024 से प्रत्येक शनिवार को भी गतिविधिया आयोजित की जानी है । माह नवम्बर 2024 से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को देशज समारोह का आयोजन किया जा रहा है । इसीक्रम में



शनिवार 09 नवंबर, 2024 को सायं 06.00 श्री बृजलाल कुशवाहा एवं साथी, छतरपुर द्वारा 'बुन्देली संस्कार गीत एवं भजन' की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने बुन्देली संस्कार गीतों की प्रस्तुति दी। अगली प्रस्तुति सुश्री कमलेश कुमारी एवं साथी छतरपुर द्वारा बुन्देली संस्कार गीत की प्रस्तुति दी गई। अंतिम प्रस्तुति भगवान चरण द्विवेदी एवं साथी, खजुराहो बुन्देली संस्कार गीतों की प्रस्तुति दी। गतिविधि अन्तर्गत दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को रवी रावत एवं साथी धार द्वारा भगोरिया जनजातीय नृत्य, मुन्नालाल खरे एवं साथी गढ़ी मलहरा द्वारा बुन्देली संस्कार गीत, सुश्री शांति पटेल एवं साथी गुनोर द्वारा बुन्देली लोकगीत की प्रस्तुति दी जायेगी।

# सिक्कों से खेलते बच्चे, शिक्षा का सपना अधूरा

## गाँव सगौरिया के बच्चों का भविष्य शिक्षा के अभाव में अंधकारमय





**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। जनपद शिक्षा केन्द्र बक्सवाहा के सगौरिया गाँव की तस्वीरें शिक्षा के बुनियादी अधिकार की विडंबनापूर्ण कहानी बयां करती हैं। यहाँ के बच्चों का जीवन स्कूल से कोसों दूर है, और उनके दिन सिक्कों से खेलने में गुजरते हैं, मानो शिक्षा उनके लिए महज एक सपना हो। गाँव के कई बच्चे, जिनकी उम्र 6 से 11 वर्ष है, स्कूल की सुविधा के बिना अपना भविष्य अंधकार में देख रहे हैं। इन बच्चों में से भरत आदिवासी (पिता- हीरा आदिवासी), सरस्वती आदिवासी (पिता- पुन्ना आदिवासी), घनश्याम आदिवासी (पिता- दम्मू आदिवासी), और कविता यादव (पिता- जाहर यादव) जैसे मासूम हैं, जो खेल में समय बिता रहे हैं, जबकि उनका जीवन शिक्षा की राह तकते हुए ठहर सा गया है।

***दूरस्थ स्कूल और कठिन रास्ते - बड़ी बाधा***

सगौरिया गाँव में लगभग 65 परिवारों की आबादी करीब 300 के आसपास है। निकटतम प्राथमिक स्कूल गाँव से पाँच किलोमीटर दूर स्थित है, जिसके लिए बच्चों को कठिन पहाड़ी और घने जंगल की राह तय करनी पड़ती है। वर्ष 2015 में गाँव का प्राथमिक स्कूल बंद होने के बाद से बच्चों की शिक्षा का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीण अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव और बंद स्कूल के कारण उनके प्रयास विफल हो जाते हैं।

***समिति की रिपोर्ट - बच्चों के विकास पर संकट***

जनपद शिक्षा केंद्र बक्सवाहा द्वारा गठित एक समिति ने 29 अक्टूबर 2024 को सगौरिया गाँव का दौरा किया। सर्वेक्षण में पाया गया कि गाँव में कुल 45 बच्चे स्कूल जाने के योग्य हैं, पर शिक्षा के अभाव में उनका विकास अवरुद्ध हो रहा है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि पाँच बच्चों के पास समग्र आईडी नहीं है, फिर भी वे शिक्षा के अधिकारी हैं। समिति ने गाँव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना का सुझाव दिया है ताकि बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिले और उनका भविष्य सुधर सके।

***प्रशासन से ग्रामीणों की माँग***

सगौरिया के ग्रामीण, जैसे हरीराम यादव, हरिनारायन अहिरवार, अर्जुन आदिवासी, और कशीराम आदिवासी, ने स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोला जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों का भविष्य अंधकार में न जाए, इसके लिए समाज और प्रशासन दोनों को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

***बीआरसीसी का आश्वासन***

बक्सवाहा के बीआरसीसी चंद्र विजय सिंह बुंदेला ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर सभी आवश्यक कार्यवाहियाँ पूरी कर जिला कार्यालय को भेज दी गई हैं। जैसे ही आदेश प्राप्त होगा, प्राथमिक विद्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

सगौरिया के दम्मू आदिवासी, जाहर आदिवासी, अच्छेलाल, हरिकिशन आदिवासी, और भागवत आदिवासी जैसे ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की यह स्थिति प्रशासन से सवाल पूछती है कि आखिर कब तक ये मासूम बच्चे सिक्कों से खेलते रहेंगे? शिक्षा विभाग से अपेक्षा है कि जल्द ही ठोस कदम उठाकर इन बच्चों को शिक्षा का अधिकार प्रदान किया जाए ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

# राजसात कराने की धमकी देकर ड्राइवर से जबरन वसूली करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस नेकिया केस दर्ज

## वाहन मालिक से जबरन 50 हजार वसूल रहे दो आरोपियों ने रेत से भरे डंपर को राजसात कराने की धमकी दी थी

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/राजसात कराने की धमकी देकर ड्राइवर से जबरन वसूली करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज।वाहन मालिक से जबरन 50 हजार वसूल रहे दो आरोपियों ने रेत से भरे डंपर को राजसात कराने की धमकी दी थी।मिली जानकारी के अनुसार आगासौद थाना क्षेत्र के ग्राम मंडी बामौरा चौकी के अंतर्गत आने वाले देवली मोड स्थित रेलवे फाटक के पास खनिज विभाग की धमकी और रेत से भरे हाईवा वाहन को जब्त कराकर राजसात कराने की धमकी देकर ड्राइवर से जबरन वसूली करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।




***क्या है पूरा मामला***

फरियादी कृष्ण कुमार पिता रामप्रसाद साहू (26) निवासी बदेरा जिला मैहर ने बताया कि हाईवा (क्रमांक 17 जीबी 0857) में पनागर तहसील गाडरवाडा से रेत भरकर त्रिशूल कंट्रक्शन वालों की साइड मंडी बामौरा में रेलवे पुलिया के पास डालने जा रहा था। तभी मंडी बामौरा रेलवे फाटक क्रास कर देवली रोड के लिए मुड़ा तो एक स्कार्पियो गाड़ी ने रोका और रेत की गाड़ी के कागज चेक करने की बात कही।

वही स्कार्पियो में बैठे दो व्यक्ति गाड़ी से उतरकर मेरे पास आए और उनमें से एक व्यक्ति ने मुझे बताया कि मेरा नाम राहुल है और मैं यहां के रेत के ठेकेदार दीपक शर्मा का आदमी हूं। राहुल और उसके साथ आए एक व्यक्ति ने कहा कि रॉयल्टी दिखाओ तो मैंने उसे बताया कि मेरी रॉयल्टी वैध है और 17 अक्टूबर की दोपहर 2.35 बजे तक की है। मैंने उसे अपने गाड़ी में रेत की रॉयल्टी दिखाई। तब उसने मेरी मेरी रायल्टी और फोन अपने पास रख लिया और करीब 2 घंटे तक परेशान करता रहा और जबरन मेरी गाड़ी को साइड पर जाने से रोके रखा। दोनों ने जानबूझकर मेरी गाड़ी की रायल्टी का समय समाप्त करवाकर खनिज विभाग की धमकी देकर और ट्रक-रेत को जब्त कर राजसात कराने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग करने लगे।

इसके बाद मेरा मोबाइल वापस दिया। तब मैंने अपने मालिक राहुल अग्रवाल को कॉल कर पूरी बात बताई। इसके बाद अपने मालिक से राहुल नाम के युवक से बात कराई। युवक ने मालिक से कहा कि आपकी रॉयल्टी खत्म हो चुकी है और आपकी रेत अवैध है। अगर 50 हजार रुपए नहीं दिए तो आपके वाहन को राजसात करा दिया जाएगा। इस पर हाईवा मालिक ने कहा कि इतनी जल्दी इतनी बड़ी रकम दे देना मुश्किल है। तब राहुल नाम के युवक ने अपना मोबाइल नंबर देकर 50 हजार रुपए फोनपे पर देने की बात कही। उन्होंने बताया कि राहुल नाम के व्यक्ति की धमकियों से डरकर और गाड़ी राजसात होने के डर से 10-10 हजार कुल 20 हजार रुपए और अपने दोस्त जयप्रताप सिंह के फोन-पे से 30 हजार रुपए राहुल के फोन पे पर कुल 50 हजार रुपए डाल दिए। पुलिस ने जांच के बाद राहुल अहिरवार सहित एक अन्य आरोपी के खिलाफ धारा 126(2), 308(2) के तहत केस दर्ज किया है।

# जिला प्रशासन भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों की मदद के लिए हमेशा तैयार - कलेक्टर संदीप जी आर

## भारतीय सेना सागर सैन्य स्टेशन पर ईएसएम रैली के माध्यम से दिग्गजों तक पहुंची भूतपूर्व सैनिक रैली संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिला प्रशासन भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों की मदद के लिए हमेशा तैयार है । उक्त विचार कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने सागर सैन्य स्टेशन पर मुख्यालय 36 रैपिड (एस) एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर के सयुंक्त तत्वावधान में जिसके अंतर्गत सागर के ज्यादातर तहसील के पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए %वी कनेक्ट, वी केयर, वी शेयर% थीम पर एक मेगा ईएसएम रैली के आयोजन समारोह में व्यक्त किए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि आज बड़ा गर्व का दिन है जब मुझे आप सबके बीच में उपस्थित होने का मौका मिला। आपके सहयोग के लिए पूरा जिला प्रशासन हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों 70 प्लस व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिसमें ?5 लाख तक का निःशुल्क इलाज किया जाता है आप सभी वरिष्ठ नागरिक जो भी 70 प्लस आयु पूर्ण कर चुके हैं वे अपने आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं इसके लिए आज इस रैली में आयुष्मान कार्ड के लिए काउंटर भी लगाया गया है और आवश्यकता पड़ेगी तो आपकी सुविधा अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए काउंटर लगाया जाएगा। रैली का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देना, पेंशन संबंधी शिकायतों का समाधान करना और चिकित्सा देखभाल सुविधाएं प्रदान करना था। लगभग 850 से अधिक पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



मेजर जनरल केटीजी कृष्णन, एसएम, वीएसएम जीओसी मुख्यालय 36 रैपिड (एस), ब्रिगेडियर करण सिंह, एसएम बार स्टेशन कमांडर सागर , श्री संदीप जीआर, आईएएस, जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित होकर दिग्गजों और वीरनारियों के साथ बातचीत की। रैली का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत अभिलेखों को अद्यतन करना, पेंशन विसंगतियों का निवारण करना और यदि कोई विसंगति हो तो उसका समाधान करना था। इस दिशा में, PAOR PCDA (P) और विभिन्न अभिलेख कार्यालयों की ओर से समर्पित सहायता बूथ स्थापित किए गए थे। सेना के चिकित्सा और दंत विशेषज्ञों ने रैली में उपस्थित लोगों को चिकित्सा सहायता और दवाइयों का प्रावधान प्रदान करने के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया था। इसके अलावा श्वष्ट।।स् पॉलीक्लिनिक सेवाओं और पूर्व सैनिकों की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं को दूर करने के लिए सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध कराई गई थी।

उपस्थित लोगों के लिए कैंटीन विस्तार काउंटर भी स्थापित किए गए थे, जिनसे कैंटीन स्मार्ट कार्ड को अद्यतन करने में भी सहायता मिली। दो राष्ट्रीय बैंकों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मलखम प्रदर्शन, खुखरी नृत्य और पाइप बैंड प्रदर्शन जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय (DSWO), सागर हमारे सशस्त्र बलों की विरासत का सम्मान करने और हमारे दिग्गजों को निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूतपूर्व सैनिक रैली 2024 जैसे आयोजनों के माध्यम से, DSWO, सागर भूतपूर्व सैनिकों और आवश्यक संसाधनों के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक दिग्गज को वह सम्मान, देखभाल और सहायता मिले जिसके वे हकदार हैं मेजर जनरल केटीजी कृष्णन, एसएम, वीएसएम, जीओसी मुख्यालय 36 रैपिड (एस) और श्रीमती वाणी कृष्णन, अध्यक्ष एफडब्ल्यूओ सागर ने वीरनारीयों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में देश के लिए दिए गए बलिदान और सेवाओं के लिए दिग्गजों और उनके परिवारों की सराहना की और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान का उल्लेख किया। आयोजन के मुख्य कार्यकर्ता जिनके सौजन्य से सफल हुआ वे है कर्नल शैलेन्द्र सिह, मुख्यालय 36 रैपिड, कर्नल अमित मान कमान अधिकारी 56 इंजिनियर रेजीमेंन्ट , कर्नल एस एस राना स्टेशन मुख्यालय सागर , कैप्टन यूपीएस भदौरिया जिला सैनिक कल्याण अधिकारी , आ0 कैप्टन प्रदीप कुमार राय कल्याण संयोजक जिला सागर सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त स्टाफ तथा पूर्व सैनिक सागर।

# 70 वर्ष से अधिक उम्र के 195 बुजुर्ग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए

## निगमायुक्त ने बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु अलग-अलग 10 स्थानों पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शासन आदेश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शनिवार को पं मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा बाजार में 70 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे बुजुर्ग नागरिक जो अभी तक आयुष्मान कार्ड न बन पाने के कारण 5 लाख रुपए के निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ से वंचित थे, उन सभी बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने हेतु नगर निगम द्वारा शनिवार को पं.मोतीलाल स्कूल कटरा बाजार में शिविर आयोजित किया गया जिसमें आसपास के सभी वार्डों के 195 बुजुर्ग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने प्रातः 11 बजे से पं.मोतीलाल स्कूल में आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और शिविर में विभिन्न वार्डों से आने वाले 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को बैठने के लिए कुर्सियां लगाने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान योजना प्रभारी विक्रम जैन को निर्देश दिए कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डों के बुजुर्ग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग-अलग 10 स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे सभी वार्डों के बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ सुगमता से मिल सके ।

***इन स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे-***

निगमायुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में सभी वार्डों के बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए शीघ्र ही 10 स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिनमें 1. पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा बाजार 2. नगर पालिक निगम कार्यालय 3.स्मार्ट सिटी कार्यालय 4. गोपालगंज स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के नीचे 5. तिली चौराहा 6. तहसीली बरिया तिराहा के पास 7. राहतगढ़ बस स्टैंड के पास 8. भगवानगंज चौराहा के पास 9. धर्मश्री अंबेडकर वार्ड 10.मोती नगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार परिसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे जिनमें आसपास के सभी वार्डों के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिकअपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये आधार कार्ड, समग्र आई.डी.,एवं आधार से लिंक मोबाईल नम्बर साथ में लाकर उपस्थित हों ।

निगमायुक्त ने योजना प्रभारी को सभी शिविरों में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है, साथ ही उन्होंने सभी वार्डो के 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों से अनुरोध किया है कि शिविर में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज साथ में लाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवायें ।

# स्थलों,पार्कों,चौराहों,स्मारकों,बाजारों एवं शासकीय भवनों की दीवारों की विशेष सफाई करवाई गई

परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने बताया कि शासन द्वारा जारी आदेशों के अमल में आज हमारी टीम ने नगर में एक दिवसीय 卐दीवार साफ सफाई अभियान卐 एवं बेक लाइनों की सफाई का अभियान चलाया है,जिसके तहत् नगर के किला परिसर,शिवाजी चौक,एवं अंबेडकर चौराहा पर मूर्तियों/प्रतिमाओं की साफ़ सफाई,धुलाई करवाते हुए वहां लगे कटे-फटे पोस्टरों,विज्ञापनों पोस्टरों,स्टीकरों को भी हटवाया गया है,किला परिसर की दीवारों बाउंड्री वॉल,सेल्फी प्वाइंट,की साफ़ सफाई करवाते हुए विज्ञापित सामग्री एवं प्रचार होर्डिंगों,फ्लैक्स,पोस्टरों आदि को हटवाया गया है,साथ ही सूचना लेखन,जरूरी निर्देशों,आदि को लिखवाते हुए स्वच्छता संदेशों जागरूकता स्लोगनों को भी लिखा गया है। वहीं इसी क्रम में रहवासी क्षेत्रों की बेक लाइनों की सफाई कराई गई,ऑफिसर कॉलोनी की बेक लाइनों में सफाई करवाते हुए वहां जमा हुए खरपतवार को नष्ट किया गया,नालियों की सफाई की गई एवं स्वच्छता संबंधी सार्वजनिक सूचनाओं को लगाया गया है।



# मालथौन व बांदरी मंडल संगठन पर्व कार्यशाला सम्पन्न

## कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी



मालथौन। भाजपा 'संगठन महापर्व' के अंतर्गत प्रदेश और जिला,के संगठनों की कार्यशाला के बाद मण्डल स्तर पर संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में मालथौन मंडल व बांदरी मंडल संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन हुआ। 9 नवंबर, शनिवार को विधायक कार्यालय मालथौन एवं विधायक कार्यालय बांदरी में अलग अलग मंडलों की इन कार्यशालाओं में मालथौन मंडल चुनाव प्रभारी डॉ. सुशील तिवारी, विशेष अतिथि अशोक सिंह बामोरा, बांदरी मंडल चुनाव प्रभारी नवीन भट्ट व विशेष अतिथि सतेन्द्र सिंह बामोरा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई ।

भाजपा संगठन चुनाव 2024 के उद्देश्य से आयोजित हो रही इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में आगामी 12 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाली शक्ति केंद्र कार्यशालाओं व 15 से 20 नवंबर तक आयोजित बूथ समितियों के गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार संगठन की आगामी चुनावी प्रक्रिया व आने वाली तिथियों के अनुसार होने वाली बैठकों की विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों, मंडल मोर्चा अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, शक्ति केंद्र टोलियों, शक्ति केंद्र संगठन पर्व के नवनियुक्त सहयोगियों, नगर एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों के निर्वाचित पार्षदों, सरपंचों, जनपद सदस्यों आदि जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक पूर्व संगठन प्रभारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राम कुमार बघेल, राजकुमार सिंह, गोलू राय, जगपाल सिंह राजपूत, दयाराम चौरसिया, वीर सिंह यादव, हाकम सिंह, देवेंद्र सिंह बुंदेला, जितेन्द्र सिंह सिसोदिया, राकेश तिवारी, कोमल यादव, हरिनारायण कुशवाहा, पुष्पेन्द्र सिंह तोमर, सिरनाम सिंह तोमर, एवं जयंत सिंह बुंदेला, एवं बादंरी में मण्डल अध्यक्ष नारायण सिंह, पर्व सहयोगी आजाद यादव, काशीराम झां, सनत साहू, राजा राजपूत, राजेन्द्र जैन, लक्ष्मीकांत मुडोतिया देवीदयाल कुशवाहा, संदीप वैद्य, देशराज सिंह, उदयभान सिंह, कैलाश सिंह घोषी, तिलक सिंह लोधी उपस्थित थे।

# नशे की लत को दूर कर देश को नशा मुक्त बनाने में दें अपना सहयोग - डॉ. कुमार

## एक युद्ध नशे के विरूद्ध थीम पर विशाल रैली आयोजित

सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में आज जिला मुख्यालय टीकमगढ़ पर एक युद्ध नशे के विरूद्ध थीम पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के प्रारंभ में केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने उपस्थित सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। तत्पश्चात नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विभिन्न स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, अधिकारियों एवं अन्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने सभी ने अनुरोध किया कि नशे की लत को दूर कर जिले के साथ-साथ प्रदेश तथा देश को नशा मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा देश को नशे से मुक्त कराने का आवाह्न किया गया था। जिसके तहत सामाजिक न्याय विभाग द्वारा देश में निरंतर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहे हैं, जिसमें 12 अक्टूबर को पूरे देश में एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें






पूर्व की तुलना में पूरे में एक आयोजित कार्यक्रम में तीन करोड़ से अधिक विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें एक लाख से अधिक लोगों से नशा मुक्ति का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिये हमें अपने घर से शुरूआत करनी होगी, हमें अपने घर को, अपने मुहल्ले को, अपने जिले को, अपने प्रदेश के साथ ही अपने देश को नशा मुक्त कराना होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉ, कुमार ने सभी नशा मुक्ति की शपथ दिलाइ। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि आज आयोजित कार्यक्रम में संविधान के तीन अंगों के सुरज्जित है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के खिलाफ जो युद्ध हमारे घरों में हमारे परिवार में, हमारे समाज में घेरे हुय है उसकी लड़ाई हमें खुद ही लडनी है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम ये आज यह संदेश उन सभी लागों के पास जायेगा जो कि अपने घरों में सोये हुये हैं कि हमें नशा नहीं करना है। उन्होंने कहा कि नशा को यदि हम उल्टा पढेंगे तो शान शब्द बनता है। इसका मतलब यह है कि जो नशा नहीं करेगा उसी व्यक्ति की शान रहेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं से नशा नहीं करने का आह्वान किया। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में आज जिला मुख्यालय टीकमगढ़ पर एक युद्ध नशे के विरूद्ध थीम पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के प्रारंभ में केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने उपस्थित सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। तत्पश्चात नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विभिन्न स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, अधिकारियों एवं अन्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने अतिथियों के साथ नजरबाग प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली नजरबाग प्रांगण ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर मिश्रा तिराहा से जवाहर चौराहा, कटरा बाजार, लक्ष्मी टॉकीज, स्टेट बैंक, किले का मैदान होते हुये पुनः नजरबाग में समाप्त हुई। रैली के समापन पर छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार दिया गया। इस अवसर पर अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला न्यायाधीश हितेन्द्र सिंह सिसौदिया, अन्य न्यायाधीशगण, कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी, एनसीसी, खेल विभाग, महाविद्यालय सहित विभिन्न शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुये।

## जुआ, सट्टा के विरुद्ध रेड कार्यवाही कर पुलिस ने किए 17 प्रकरण कायम

### 68 आरोपियों से किए 38 हजार 475 रूपए जब्त



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, शराब, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु 01 नवम्बर 2024 से अभियान चलाया जा है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में 01 नवम्बर 24 से जारी अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के विभिन्न थाना, चौकी अंतर्गत अवैध शराब बेचते हुए पाए जाने वाले आरोपियों पर 34 आबकारी एक्ट के तहत 85 अपराध कायम कर अवैध शराब कुल 661 लीटर कीमती लगभग 2 लाख 67 हजार 111 रूपए की जब्त कर कार्यवाही की गई एवं जुआ सट्टा पर रेड कार्यवाही कर 68 आरोपियों के विरुद्ध 17 प्रकरण कायम कर 38415 रूपए की राशि जब्त की गई। उपरोक्त अभियान के अंतर्गत केवल थाना खरगापुर अंतर्गत चौकी देरी पुलिस ने ही ग्राम छिदारी में रेड कार्यवाही करते कुल 124 लीटर अवैध शराब कीमती 64 हजार 500 रूपए की जब्त की थी। जबकि अन्य थाना एवं चौकियों से कुल मिलाकर लगभग दो लाख की अवैध शराब पिछले नौ दिनों में जप्त की गई है। बताया गया है कि कोतवाली क्षेत्र के चर्चित ग्राम महाराजपुरा में तमाम विरोध के चलते बीते रोज कोतवाली पुलिस टीम ने गांव में दविश दी है। थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम महाराजपुरा में पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित 04 पुलिस टीमों द्वारा अवैध मादक पदार्थ मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूँछताँछ कर वैधानिक कार्यवाही की गई ।

## वितरण केन्द्रों पर उमड़ रही किसानों की भीड़, खाद के अभाव में उतरे चेहरे

### तहसीलदार डां अवंतिका तिवारी ने निरीक्षण कर प्रभारी को दिए निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। पलेरा। खाद वितरण में धांधली और मनमानी की शिकायतें जिले में भर में सामनें आ रही हैं। कृषि पर पूरी तरह से निर्भर किसानों के चेहरों पर चिंता के बादल मडराते दिखाई दे रहे हैं। खाद और बीज के अभाव में खेती कर पाना किसानों के लिए संभव



नहीं है। किसान हितैषी सरकार कही जाने वाली प्रदेश सरकार में बढ़ती अफसरशाही विकास और तरक्की में सबसे बढ़ी बाधा मानी जा रही है। किसानों की परेशानियों की झ्क्षचता न तो यहां जनप्रतिनिधियों में दिखाई दे रही है और न ही यहां के अधिकारियों में नजर आ रही है। खाद वितरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने अब तक कोई जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी या जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा है और न ही वितरण व्यवस्था में सुधार के आसार नजर आ रहे हैं। किसानों के विरोध और बंद कमरों में होने वाली बैठकों का परिणाम यह है कि यदाकदा तहसील मुख्यालय पर रहने वाले अधिकारी ही निरीक्षण की औपचारिकताएं पूरी करते नजर आए हैं। किसानों की समस्याओं के चलते किसानी प्रभावित होने के आसार बनने लगे हैं। बताया गया है कि यहां की बिगड़ती खाद वितरण व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए तहसीलदार डां अवंतिका तिवारी ने जरूर निरीक्षण किया और निर्देश भी दिए। अब इन निर्देशों का वितरण करने वालों पर कितना असर होता है, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा। बताया गया है कि किसान खाद वितरण व्यवस्था का तहसीलदार डॉ अवंतिका तिवारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर चर्चा के दौरान किसानों ने कहा कि खाद न मिलने से वह परेशान हैं। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं किसानों का समय पर खाद वितरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विपणन गोदाम प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका ख्याल रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्र समयानुसार खोला जाए और किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। डां अवंतिका ने निरीक्षण के दौरान गोदाम पंजी रजिस्टर चेक किया। इस अवसर पर कर्मचारी एवं बढ़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 02 स्थाई वारंट तामील कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली पुलिस को कामयाबी

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, शराबए सट्टा, आर्म्स पर कार्यवाही करने एवं इनामी एवं फ रारी एस्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली की गठित पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली के फ रार स्थाई वारंटी सिदार्थ जैन निवासी नगर भवन के सामने टीकमगढ़ को एवं थाना जतारा द्वारा फ रार स्थाई वारंटी दामोदर पिता पूरण अहिरवार निवासी नारगुड़ा को 08 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा एथाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी सहित थाना कोतवाली एवं जतारा पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# ग्राम पंचायत जनवार में व्यापक भ्रष्टाचार ग्राम वासियों द्वारा लगातार शिकायत करने के बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनवार में विभिन्न योजनाओं में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव, उपयंत्री, रांजगार सहायक द्वारा मनमाने ढंग से मटेरियल तथा मजदूरी के फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित की जा रही है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत में अशिक्षित तथा भोलेभाले सरपंच होने के चलते सचिव एवं ग्राम के ही दबंग लोग ग्राम पंचायत का संचालन करते है। तथा मनमाने ढंग से पंचायत का संचालन कर रहें है। मनरेगा योजना में खेल मैदान, फसल सुरक्षा दीवार, सड़क निर्माण, सहित अनेक योजनाओं की राशि में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसी प्रकार पन्द्रहवें वित्त तथा पंच परमेश्वर, सासंद, विधायक निधी की राशि में भी लगातार भ्रष्टाचार चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनेको बार शिकायते भी की गई। लेकिन उसके बावजूद संबंधितों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, और न ही कराये जा रहें निर्माण कार्यो की जांच की गई है। जबकी उक्त ग्राम पंचायत जिला मुख्यालय से लगीं हुई ग्राम पंचायत है। पंच परमेश्वर योजना के तहत शोखता गड्ढा खुदवाने के नाम पर लाखो रूपये का भ्रष्टाचार किया गया है। इसी प्रकार सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य भी घटिया स्तर का ग्राम जनवार में कराया गया। सीसी सड़क, नाली निर्माण कार्य सहित अन्य निर्माण कार्यो की यदि जांच कराई जायें तो बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। जनवार ग्राम के लोगो ने ग्राम पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यो की जांच कराने तथा दोषीयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने की मांग की है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने मिनी मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, विधिक सेवा प्रदर्शनी भी लगाई



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को विधिक सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा मिनी मैराथन दौड़ एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय ने प्राधिकरण कार्यालय से सुबह मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विधिक जागरूकता का संदेश देते हुए मैराथन रैली अजयगढ़ चौराहा, पुरानी कचहरी, प्राणनाथ चौक से होते हुए गांधी चौक पहुंची एवं वापस प्राधिकरण कार्यालय में समाप्त हुई। मैराथन में प्रधान न्यायाधीश रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद एवं इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवराज सिंह गवली, मोहित बड़के, इकरा मिनिहाज, प्रीतम शाह, श्वेता आर्य सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा, जिला चिकित्सालय से डॉ. सैंकी अग्रवाल, अजय डुडवे, मस्तराम रजक, लोकेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक शिखर मंडल, आरक्षक शोभाराम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह, पवन पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक एवं शशांक चतुर्वेदी, पैरालीगल वालेंटियर्स, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी और खिलाड़ियों ने भी सहभागिता की। मैराथन दौड़ में पुरूष एवं महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से नालसा-सालसा की योजनाओं और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न विधिक सेवाओं तथा सहायता की जानकारी प्रदान की गई। दिव्यांगजनों को वितरित किए उपकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा प्रदर्शनी में सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से 8 दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण का वितरण भी किया गया। दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र प्रभारी सत्येन्द्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा व्हील चेयर, कान की मशीन, एमआर किट, वैशाखी, ट्रायसाईकिल एवं छड़ी इत्यादि का वितरण किया गया।

# कलेक्टर ने ककरहटी पहुंचकर किया निरीक्षण

पन्ना/कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को ककरहटी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों तथा विभागीय गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद ककरहटी क्षेत्र अंतर्गत सकरिया-डिघौरा निर्माणाधीन सड़क के बारे में जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर एवं अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा से सड़क निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता के बारे में पूछा। इस दौरान स्थानीय निवासियों से भी नगर क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई और अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री कुमार ने सहायक आपूर्ति अधिकारी को शेष पात्र हितग्राहियों को अविलंब खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ककरहटी के शासकीय कन्या हाईस्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता के तहत संचालित ऑनलाइन क्लासेस का अवलोकन कर छात्राओं से संवाद भी किया। भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार कोमल सिंह एवं सीएमओ ओम त्रयम्बकेश्वर मिश्रा भी उपस्थित रहे।



# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया पन्ना बंद का ऐलान

## विभिन्न मामलो को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ करेगें चक्काजाम



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला इकाई पन्ना द्वारा विभिन्न अनैतिक गतिविधियां के संचालन को लेकर भाजपा सरकार के ही विरोध में लव जिहाद, धर्मांतरण, एवं गो तस्करी के विरोध में 14 नवंबर 2024 पन्ना बंद का ऐलान किया है। जिला मंत्री आदित्य पाठक तथा अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि पन्ना जिले में लव जिहाद, धर्मांतरण, भू-माफिया और गोतस्करी सहित अन्य मामलो को लेकर चक्काजाम एवं प्रदर्शन किया जायेगा। 14 नवंबर 2024 को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आह्वान पर समस्त हिंदूवादी संगठन एवं सकल हिंदू समाज के द्वारा पन्ना बंद करवा कर पन्ना नगर के डायमंड चौक नेशनल हाईवे 39 में चक्का जाम किया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों धरमपुर थाना क्षेत्र में लव जिहाद के तहत एक नाबालिग बालिका को अपने जाल में फंसा कर उसका शारीरिक शोषण किया गया और जब वह बालिग हो गई तो उस पर धर्मांतरण एवं विवाह का दबाव बनाया जाने लगा, मना करने पर उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में शेयर कर दी गई जिससे उक्त बालिका को समाज में काफी बदनामी का सामना करना पड़ा जिससे समस्त हिन्दू समाज आहत हुआ है। बालिका की शिकायत पर पुलिस के द्वारा केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि मामले में चार आरोपियों के नाम बताए गए हैं, मामले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार की मांग की गई है। इसी प्रकार अजयगढ़ क्षेत्र के वीरा, चंदौरा, चांदीपाठी, रामनई आदि क्षेत्र में रेत माफिया के द्वारा गोचर भूमि, शासकीय भूमि एवं निजी भूमि में प्रतिबंधित मशीनों से रेत उत्खनन के लिए गहरी खाइयां खोदी गई हैं जिनमें गिरने से गोवंश की मौत हो रही है। उक्त घटनाओं पर प्रशासन के द्वारा कार्यवाही नहीं करने के आरोप लगाए गए हैं। उक्त बैठक में जिला सह संयोजक सिद्धार्थ शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष गणेश जाटव सहित काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पन्ना मुस्लिम समाज सदर के चुनाव संपन्न

## रिजवान फिर बनें शहर सदर, नायब सदर के पद पर फारुक अहमद मुल्ला की जीत



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत माह से पन्ना शहर सदर के चुनाव की प्रकिया चल रही थी। उक्त निर्वाचन नौ नवम्बर को बदसाहसाई ईद गाह मे संपन्न हुए। जिसमें शहर सदर के पद पर रिजवान मोहम्मद फिर से विजय हुए, तथा नायब सदर के पद पर फारूक अहमद मुल्ला वियज घोषित किये गये। ज्ञात हो कि सहर सदर एवं नायब सदर के लिए तीन तीन प्रत्याशी मैदान में थें। जिसमें शहर सदर के लिए रिजवान मोहम्मद को 605 मद प्राप्त हुए एवं इल्यास रायॅन को 370, तथा शमीम चिस्ती को 302 मत प्राप्त हुए। कुल 1302 मत डाले गयें थें। जिसमें रिजवान मोहम्मद ने बड़ी जीत अर्जित की है। इसी प्रकार नायब सदर में मुल्ला फारूक अहमद को 637 गुलजार अहमद को 375, शकील अहमद को 265 मत प्राप्त हुए है। इस प्रकार शहर सदर पन्ना का चुनाव संपन्न हुए। चुनाव को लेकर सुबह आठ बजे से ही गहमा गहमी देखी गई तथा मतदाताओं नें बड़चढ़ कर हिस्सा लिया। शाम चार बजें तक सभी मतदाताओं नें मत का प्रयोग किया। उसके बाद निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचन मे शामिल अन्य पदाधिकारीयों द्वारा निर्वाचन के परिणाम घोषित किये गयें।

# मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह, निकाह योजना के तहत ग्यारह दिसम्बर को शादियां होगीं संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नयागांव अन्तर्गत पंझिरिया माता मंदिर प्रांगण में उक्त शादियां विधि विधान के साथ संपन्न कराई जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजयगढ़ नें हितग्राहियों से शादीयों के संबंध में चार दिसम्बर तक अपने अपने आवश्यक दस्तावेज संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को उपलब्ध कराकर पंजीयन कराने का अनुरोध किया है।

# उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के बन जाने से लगभग 40 ग्रामों को उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त होगी-राज्यमंत्री श्री लोधी

## 49-49 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दो उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का राज्यमंत्री श्री लोधी ने किया लोकार्पण





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 09 नवंबर। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने विधानसभा जबेरा के जनपद जबेरा अंतर्गत ग्राम दुगानी एवं कुसमी मानगढ़ में 49-49 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दो उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के बन जाने से लगभग 40 ग्रामों को उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त होगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा पहले इलाज के लिए दूर दराज दमोह या जबेरा इलाज के लिए जाना पड़ता था जिसमें आर्थिक रुप से और समय अधिक खर्च होता था लेकिन अब उप स्वास्थ्य के निर्माण से सुविधा प्राप्त होगी।




राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जबेरा विधानसभा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा जब वे विधायक बने तब 9 उपस्वास्थ्य केंद्र एवं 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुए थे। मंत्री बनने के बाद 16 उप स्वास्थ्य केंद्रो की स्वीकृति ओर प्राप्त हुई है, जिनका निर्माण कार्य जल्दी ही किया जाएगा। जिससे क्षेत्र वासियों को इलाज के लिए भटकना नही पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही हैं।

इन भवनों में एक प्रसव कक्ष, एक वार्ड, ओपीडी कक्ष, बेंटिंग रुम, टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, तीन शौचालय, एक बाथरूम सहित प्रथम तल में सीएचओ एवं ए एन एम कक्षों का निर्माण किया गया हैं।

इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार जैन, जबेरा बीएमओ डॉ. डीके राय, राजेश जैन, रानू नामदेव, बंटी दुबे, सहारा ठाकुर, नीरज जयसवाल, श्री पटैल, अजय राय, गोलू साहू, अनुराग नेमा, विवेक शाह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी-राज्यमंत्री श्री पटेल

## राज्यमंत्री श्री पटेल ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिलानी एवं शासकीय हाई स्कूल बोतराई में छात्र-छात्राओं को साइकिलों का किया वितरण




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ९ 09 नवंबर। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ग्राम बिलानी एवं बोतराई पहुँच कर निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिलानी एवं शासकीय हाई स्कूल बोतराई में छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने छात्रों को अच्छी तरह से पढ़ाई करने एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा सरकार किसानों से लेकर हर वर्ग के लोगों को पात्रता के अनुसार सुविधा मुहैया करा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, सुविधा से स्कूल जा-आ सके इसकी भी पूरी व्यवस्था सरकार ने की है। उन्होंने कहा साइकिल मिलने से सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। छात्र-छात्राए अच्छा पढ़े-लिखे, अच्छे नंबर लाएं और अपने माता-पिता परिवार, ग्राम, जिले तथा प्रदेश में अपना नाम रोशन करें।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने स्कूल को अगले सत्र तक हाई स्कूल करने का भी आश्वासन दिया। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की।

इस दौरान खरगराम पटेल, योगेश चौधरी, लखन प्रजापति, अनिरुद्ध अठ्या, अंकित पटेल, कुलदीप पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन, छात्र-छात्राए, शिक्षक-शिक्षिकाए मौजूद रही। आभार प्राचार्य अरविंद पटेल ने व्यक्त किया।

# शिक्षा,स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर जागरुकता के कार्य करें नवांकुर संस्थाएं -कलेक्टर श्री सुधीर कोचर

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत पास आउट छात्रों के प्लेसमेंट हेतु बड़े एनजीओ को किया जाएगा आमंत्रित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 09 नवम्बर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विभागीय योजनाओं की समीक्षा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में की गई। परिषद की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कोचर ने जिला समन्वयक जन अभियान परिषद को निर्देश दिये कि नवांकुर अंतर्गत कार्य कर रहे स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा संस्थायें लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी और उन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती है । उन्होंने परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के पास आउट छात्रों के प्लेसमेंट हेतु एनजीओ को 18 नवंबर को लगने वाले रोजगार मेले में आमंत्रित करने के निर्देश दिए ।




कलेक्टर श्री कोचर ने संस्थाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी के लिए पृथक से प्रशिक्षण आयोजित करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा सृजन योजना अंतर्गत दमोह जिले की कला, संस्कृति एवं रचनात्मक कौशल से संबंधित डाटा का संकलन किया जाये, जिससे इनको व्यावसायिक दृष्टि से स्थापित किया जा सके।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा ग्राम विकास की दृष्टि से चयनित ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं शासन की योजनाओं के प्रचार की पहल हेतु सभी विभागों के सहयोग और समन्वय से काम किया जाये, जो संस्थाएं अपने अपने क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही है, नवाचार कर रही है, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। विद्यार्थी अच्छे हैं तो वे स्वयं कक्षाओं का भ्रमण करेंगे, और जानेंगे की विद्यार्थी क्या कर रहे हैं, साथ ही परामर्शदाता क्या पढ़ाते हैं।

परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा में संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया द्वारा संस्थाओं से चर्चा करते हुआ कहा सभी संस्थाएं अपने सेक्टर के प्रस्फुटन ग्रामों में लगातार भ्रमण करें और समितियों के साथ मिलकर लगातार जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन करें।

अंतरा फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी दी और संस्थाएं कैसे सहयोग कर सकती है के संबंध में चर्चा की गई। जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं की उपस्थिति रही।

# पक्षकार को सुविधा हो उसकी मदद के लिये ई-सेवा केन्द्र सिस्टम चालू किया गया है निश्चित रूप से यह पक्षकार को मदद करेगा-न्यायामूर्ति श्री द्विवेदी

## ई-सेवा केन्द्र का हुआ लोकापर्ण

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ९ 09 नवम्बर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर संविभाग न्यायमूर्ति जिला दमोह श्री संजय द्विवेदी ने आज जिला न्यायालय में नव निर्मित ई-सेवा केन्द्र का लोकापर्ण किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी खासतौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री संजय द्विवेदी ने कहा न्यायालय पक्षकारों के लाभ के लिए है, पक्षकार कोर्ट में आता है, तो एक यह रहता है की जो अनभिज्ञ है, कोर्ट की प्रोसिडिंग की उसको कोई जानकारी नहीं है, या उसकी कोई अपनी समस्या है, तो इसलिए वहाँ से यह उनको ज्यूडीसरी के द्वारा प्रोवाइड किया गया है, की कम से कम उनको अपने मुकदमे का बेसिक नॉलेज हो की कहाँ, कौनसी कोर्ट है, तो यह इन्फॉर्मेशन के लिए हर कोर्ट में, हर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



न्यायमूर्ति श्री द्विवेदी ने कहा कोई नया लिटीगेन्ट है, कोई कोर्ट प्रोसिडिंग को नहीं जानता, तो उसको सुविधा हो, उसको कोई असुविधा ना हो उसके लिए, उसकी मदद के लिए यह यह सिस्टम चालू किया है और निश्चित रूप से यह पक्षकार को मदद करेगा। उन्होंने कहा यहां इंस्पेक्शन करने आए थे, अधिवक्ताओं ने हमें बुलाया, अधिवक्ता भी हमारे ही परिवार के सदस्य होते हैं, हम अपने परिवार के फंक्शन में आए है। इस दौरान न्यायाधीश गण के अलावा, डीपीओ, एडीपीओ, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज और समस्त अधिवक्ता संघ, विधिक सहायता अधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

# ब्रज लोक कला संग्रहालय देख कर समझें ब्रज की संस्कृति- हेमामालिनी

## छटीकरा-राधाकुण्ड रोड पर खुले ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय देख सांसद हेमा गदगद



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा/ वृन्दावन। छटीकरा-राधाकुण्ड रोड, बहुलावन में स्थित ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय को देखने पहुंची मथरा जनपद की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने संग्रहालय में रखी वस्तुओं को देखा व यहां रखी गयी ब्रज संस्कृति की वस्तुओं के संग्रह में कितना समय व परिश्रम लगा है, जिसे युवा पीढ़ी को समझना चाहिए व इसे वर्षों तक संरक्षित रखा जाना चाहिए। यहां आकर ही ब्रज संस्कृति को सही से जाना व समझा जा सकता है।

सांसद श्रीमती हेमामालिनी के संग्रहालय पहुंचने पर उनका स्वागत डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा व कपिल उपाध्याय ने किया। सांसद महोदया ने संग्रहालय के मुख्यद्वार पर रखे विशाल बम्ब को बजाया। सात अलग-अलग वीथिकाओं में रखी हर वस्तु को उन्होंने देखा व उनके विषय में जानकारी की। ग्वाल संस्कृति का एक मात्र व अनूठा संग्रहालय जिसमें ब्रजसंस्कृति की प्राचीन वस्तुओं का संकलन किया गया है तथा आमजन के अवलाकनार्थ इन्हें यहां संरक्षित किया गया है।

इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्राचीन संस्कृति से आज की युवा पीढ़ी को परिचय करना चाहिए यहां संरक्षित कर सुरक्षित रखी गयी प्राचीन वस्तुओं के संग्रह में कितना समय लगा होगा तथा इसके पीछे कितना परिश्रम लगा होगा यह यहां आने पर ही समझा जा सकता है। उन्होंने संग्रहालय की पुस्तिका में अपने विचार लिखते हुए लिखा है कि ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय, मथुरा में आकर मैं इस खूबसूरत संग्रहालय को देखकर बहुत प्रभावित हुई हूँ। हमारी प्राचीन कला और संस्कृति के विभिन्न रूप को बहुत अच्छी तरह से यहां संरक्षित किया गया है। आने वाली पीढ़ी के लिए इसे वर्षों तक बनाए रखना चाहिए। ताकि वह इसे देख सकें और प्राचीन संस्कृति को समझ सकें। मेरी सभी को शुभकामनाएँ तथा प्यार, आप सभी यहां आकर देखें व आनंद लें।

इस अवसर पर अनूप शर्मा, सुनील शर्मा पत्रकार, अमित शर्मा, मानसिंह, पोहप सिंह आदि की उपस्थिति प्रमुखरूप से रही।

# महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा आज भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया जिसके तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी में दोपहर 12 बजे से संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 49 विद्यार्थियों के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहभागिता की गई। परीक्षा का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ पायल लिल्हारे के नेतृत्व में एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ उषा त्रिपाठी के निर्देशन में किया गया।



# नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली का कार्यक्रम हुआ रद्द

निवाड़ी। भारत सरकार के सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार से प्राप्त दिशा निर्देश के बाद दिनांक 11 नवंबर को नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया जाना था लेकिन किन्ही अपरिहार्य कारण के चलते नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन रद्द किया गया है जिसके संबंध में सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 11 नवंबर को आयोजित होने वाली जागरूकता रैली अपरिहार्य कारण से रद्द की गई है और शीघ्र ही केंद्रीय मंत्री से परामर्श के उपरांत अग्रिम तिथि पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर परिषद बकस्वाहा द्वारा चित्रकला और रंगोली कार्यक्रम का आयोजन कन्या हाईस्कूल सेकेन्डरी स्कूल में किया

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर परिषद बकस्वाहा ने नगर में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 09 नवंबर 2024 शनिवार को शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में हुआ, जिसमें नगर परिषद की अध्यक्ष किरण सोनी, उपाध्यक्ष नीमा देवी सिंह, और समस्त पार्षदों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवं शिक्षक अरविन्द तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता से संबंधित सुंदर चित्र और रंगोलियाँ बनाई, जिनसे स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को आगामी 13 नवंबर 2024 को मेला उत्सव के भजन संध्या कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर परिषद का समस्त स्टाफ भी शामिल हुआ और सभी ने सफल आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा शर्मा ने बच्चों और उपस्थित जनों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का महत्व समझाया और सभी को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।



# भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक चुनाव की लिये तैयार




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भाजपा के संगठनात्मक पर्व का बिगुल बज चुका हैं उसी प्रक्रिया के निम्मित आज भाजपा मथुरा महानगर की चुनाव कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय पर हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर महानगर चुनाव अधिकारी ज़िला सहकारी बैंक चेयरमैन विमल शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने किया।

विमल शर्मा ने बताया कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी हैं जो लोकतंत्र के आधार पर संगठन को चलाती हैं और इसी कारण भाजपा का परिवार विश्व का सबसे बड़ा परिवार हैं। चेतन स्वरूप पाराशर ने बताया कि हर सक्रिय कार्यकर्ता को संगठन के चुनाव(पर्व)में शामिल होकर संगठन को मज़बूत करना हैं। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कार्यशाला की अध्यक्षता की एवं बताया कि संगठन का चुनाव बूथ से शुरू होकर मण्डल से होते हुए ज़िला,क्षेत्र,प्रदेश से राष्ट्र तक आगे बढ़ेगा। चुनाव सह अधिकारी संजय शर्मा एवं कुंजबिहारी चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत पटुका पहनाकर किया। कार्यशाला का संचालन महामंत्री सुनील चतुर्वेदी ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से चेतन स्वरूप पाराशर,भवन भूषण कमल,मुकेश आर्यबंधु,राजू यादव,चन्द्रपाल कुंतल,मुकेश खंडेलवाल,निरंजन धनगर,गंभीर गुर्जर,ज्ञानेन्द्र राणा,अवदेश उपाध्याय,मोहन लाल शर्मा,विपिन सिंह,महादेव शर्मा,पंकज शर्मा,राजेश गुप्ता,राजेंद्र पटेल,नितिन बँटी,अनिल खंडेलवाल,कौशल बंसल,यशराज चतुर्वेदी,विनीत शर्मा,राम रतन चौधरी,लोकेश निषाद,परशुराम सिंह,ख़ज़ान सिंह,नंद किशोर कुंतल,विक्रम मुदगल,यशपाल सिंह,सुनील तरकर,सुरेंद्र सिंह,यतेन्द्र फौजदार,दीपक गोला,पूजा चौधरी,राजेंद्र होरा,नारायण सिंह,नेत्रपाल चौधरी,प्रिन्स गौड़,राहुल रजावत,योगेश चौधरी,मोहित सरोज,कान्हा शर्मा,पवन शर्मा,बादल शर्मा,अजय शर्मा,हर्ष गौड़ आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे मीडिया को पूरी सूचना जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एडवोकेट ने दी।

# स्वास्थ्य केंद्र में आज लगेगा आयुष्मान कार्ड कैंप



**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लागू की गए 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज आयुष्मान कार्ड कैंप लगाकर सभी 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरसी मलाराया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं जिसके तहत आज स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयुष्मान कार्ड कैंप लगाकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ-साथ डॉक्टर मलाराया ने बताया कि व्यवहार न्यायालय में भी कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए गए जहां 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी अधिवक्ताओं के साथ-साथ पक्षकारों एवं अन्य लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें योजना का लाभ दिया गया। डॉ मलाराया ने नगर के सभी वृद्ध जनों से अपील करते हुए आग्रह किया है कि स्वास्थ्य केंद्र में आज लगने वाले आयुष्मान कार्ड कैंप में आकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर हुआ व्याख्यान माला का आयोजन



छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष, तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर रविन्द्र सिंह होरा तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम द्वारा की गई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सहायता प्राधिकरण अनिल चौधरी, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद जैन, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सपना भारती कटरौलिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं रजिस्ट्रार महेंद्र सिंह रावत, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों ने माँ वीणा वादिनी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया आगंतुक अतिथियों का स्वागत वृक्षारोपण को बढावा देने के दृष्टि से तुलसी के पौधे सप्रेम भेंट कर किया गया। अपने स्वागत भाषण में विधि विभाग के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिँह ने विधिक सेवा दिवस की महत्ता को बताया एवं सभी अतिथियों का स्वागत कराते हुए उनका परिचय दिया। व्याख्यान माला में विधि विभाग की छात्राओं विजया राजे तिवारी एवं मुस्कान गर्ग द्वारा विधिक सेवा दिवस मनाने के ऐतिहासिकता एवं परिचय का वर्णन किया गया।

व्याख्यान माला में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवशरण पाठक द्वारा वर्ष 2019 से 2024 तक विधि विभाग में हुई गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा विधि विभाग की विशेषताओं मूटकोर्ट, लीगल एड क्लीनिक, इंटर्नशिप प्लेसमेंट, कोर्ट विजिट, जेल विजिट, थाना विजिट, राजस्व न्यायालय विजिट आदि गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया।

व्याख्यान माला में जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के सचिव अनिल चौधरी द्वारा जिला विधिक सहायता प्राधिकरण में पीडितों, शोषितों, वंचितो को दी जाने वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी विधि छात्र-छात्राओं से साझा की साथ ही छात्र-छात्राओं पैरालीगल बोलेन्टियर योजना से जुडकर विधिक जागरूकता करने हेतु आमंत्रित किया। व्याख्यान माला में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम जी द्वारा संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों की व्याख्या करते हुए अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करने हेतु छात्र-छात्राओं को कहा गया तथा भविष्य में न्यायाधीश एवं लॉ ऑफिसर बनने की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में मौलिक कर्तव्यों का ध्यान रखने हेतु छात्र-छात्राओं को विशेष ध्यान रखने को कहा।

व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष, तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर रविन्द्र सिंह होरा द्वारा अपने बचपन को याद करते हुए अपने जीवन के अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा किए तथा सिविल जज बनने तक के अपने कठिन परिश्रम एवं विपरीत परिस्थितियों में सफलता को प्राप्त करने की जानकारी देते हुए आगे कहा कि विधि विभाग में मूटकोर्ट लीगल एड क्लीनिक छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म है, आप सभी छात्र-छात्रायें इन अवसरों का लाभ उठाकर कानूनी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करे एवं सिविल जज या अन्य प्रतिस्पर्धाओं में सफलता प्राप्त करने के साथ अच्छे नागरिक बने और जीवन में सत्कार्य करते हुए निरंतर प्रगति करें। इसी कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों द्वारा विधि विभाग के लॉ जर्नल (एस के यू जर्नल ऑफ लेक्स बाईब्रेंट), जिसके कार्यकारिणी संपादक डॉ. आलोक अग्रवाल हैं इसके साथ ही समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिगंत द्विवेदी की दो पुस्तके सोश्लोजिकल थॉट एवं टीचिंग सोशल साइंस का एवं इतिहास विभाग के सहप्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार पाण्डे की पुस्तक हिस्ट्री ऑफ मिडुवल इंडिया (1000-1707एडी) का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में विधि विभाग के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग की सहायक प्राध्यापक मेघांजलि तिवारी ने एवं आभार रीना शर्मा ने व्यक्त किया।

# बमीठा पुलिस ने तीन किलो गांजा सहित दो तस्करों को पकड़ा



छतरपुर। बमीठा थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक स्थान से तीन किलो अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। थाना प्रभारी एमएल मरावी ने बताया कि दो संदिग्ध युवक ग्राम घूरा में यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़े थे, जिनकी सूचना मुखबिर से मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा और तलाशी, जिसमें उनके पास मौजूद बोरी के अंदर से 3 किलो 200 ग्राम गांजा पाया गया। जप्त गांजा की कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम बबलू पुत्र रामधीन कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी नयागांव थाना खजुराहो और अखिलेश उर्फ धनीराम पुत्र मुन्नीलाल पटेल उम्र 25 साल निवासी रिछाई थाना बमीठा बताए हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना में धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

# वन्य प्राणी के शिकार की योजना बनाते एक आरोपी को पकड़ा

बक्स्वाहा। वनमंडलाधिकारी सर्वेश सोनवानी के कुशल मार्गदर्शन एवं रामकुमार उप वन मण्डलाधिकारी बकस्वाहा व लव प्रताप सिंह वन परिक्षेत्राधिकारी बकस्वाहा के कुशल निर्देशन में विगत रात्रि मुखबिर की सूचना के आधार पर अवैध शिकार को अंजाम देने के पहले ही अपराधी को धर दबोच लिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार परिक्षेत्राधिकारी बकस्वाहा के निर्देशन में प्रतिदिन की भांति गश्ती दल रात्रि गश्त पर रवाना हुआ और परिक्षेत्र सहायक वृत्त नैनागिर की बीट नैनागिर व फुटेरा के जंगल में संदिग्ध रूप से एक व्यक्ति महेन्द्र लोधी तनय दृगपाल लोधी निवासी सुहाव जिला दमोह को पकड़कर पूंछतांछ की तो उसने जंगली सुअर व खरगोश इत्यादि छोटे जंगली जानवर को शिकार करने की नियत उजागर की। इस कार्य में उसे औजार व मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया जाकर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर न्यायालय जिला छतरपुर के समक्ष पेश किया गया। परिक्षेत्राधिकारी लव प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों के जंगल में भ्रमण करने की सूचना प्राप्त हुई। इसी के मद्देनजर अलग-अलग दल बनाकर घेराबंदी करते हुये शिकार को अंजाम देने से पहले ही अपराधी का धर दबोचा गया। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक वृत्त नैनागिर व परिक्षेत्र सहायक वृत्त बकस्वाहा का संपूर्ण वनअमला शामिल रहा।

***खरगोश का शिकार कर पकाते हुए आरोपी को पकड़ा***

लव प्रताप सिंह वन परिक्षेत्राधिकारी बकस्वाहा के कुशल निर्देशन में विगत रात्रि मुखबिर की सूचना के आधार पर खरगोश का अवैध शिकार कर पकाकर खाये जाने के फलस्वरूप एक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 नवंबर की दरम्यानी रात्रि परिक्षेत्राधिकारी बकस्वाहा के निर्देशन में देवपुर के जंगल से लगे एक खेत में बने टपरे में खरगोश का अवैध शिकार कर पकाकर खाये जाने संबंधी वन अपराध कारित किये जाने की पुष्टि होने पर तुलसी रैकवार तनय कन्त्री रैकवार निवासी देवपुर थाना बकस्वाहा जिला छतरपुर को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# छतरपुर पुलिस द्वारा किया गया जिला स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का आयोजन

## महिला संबंधी अपराधों से समाज को जागरूक करने का किया आहवान

छतरपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा ऑडिटोरियम हॉल छतरपुर में जिले के समस्त थानों में कार्यरत नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला संबंधी अपराध के बारे में अवगत कराया गया, महिला सुरक्षा एवं समाज में होने वाले अपराध जैसे गर्भपात एवं गर्भ में पल रहे बच्चों की अवैध तरीके से जांच इत्यादि के संबंध में समाज को जागरूक करने हेतु बताया गया। अवैध मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।



कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा महिला सुरक्षा संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया गया तथा शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। महिला अपराध, सड़क दुर्घटना एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु खुद भी जागरूक हो एवं परिवार तथा समाज को भी जागरूक करें। साइबर अपराधियों द्वारा प्रलोभन या अन्य किसी माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध किए जाते हैं, किसी के बहकावे में ना आए, अपने पिन कोड जैसी अन्य गोपनीय जानकारी एवं ओटीपी इत्यादि शेयर ना करें, समाज को जागरूक करें। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित एवं सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के संबंध में भी जागरूक करने हेतु बताया गया। कार्यक्रम में शॉर्ट फिल्म एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन के समय उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया कि हम समाज में लिंग भेद एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकेंगे और ना ही हिंसा करेंगे और ना अपने परिवार व समाज के लोगों को करने देंगे हिंसा होने की स्थिति में पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत, सूबेदार प्रभा सिलावट, छतरपुर महिला जागृति मंच से सचिव अफसर जहां, आधार संस्था से प्रबंधक मेहरून सिद्दीकी, आधार संस्था से नोडल अधिकारी सपना शुक्ला, समस्त थानों से पुलिस कर्मचारी एवं नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के 150 से अधिक महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

**संपादक मंडल**
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321